12 श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द

पाठ-योजना

पाठ का उद्देश्य

- अर्थ के आधार पर शब्दों की जानकारी प्राप्त कराना।
- शब्दों की पहचान व व्यावहारिक प्रयोग समझाना।
- शब्दा-संपदा समृद्ध करना।
- श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों के बारे में बताना।

सहायक सामग्री

- स्मार्ट बोर्ड, मोबाइल फ़ोन, पाठ्यपुस्तक, पाठ्यपुस्तक में दिया QR Code, शैक्षिक सामग्री।

पूर्व-ज्ञान

- 'श्रुति' शब्द का क्या अर्थ है?
- चालक तथा चालाक शब्दों के अर्थ बताइए।
- प्रसाद-प्रासाद शब्दों के क्या अर्थ हैं?

प्रमुख बिंदु

- प्रश्न पूछकर पाठ की रूपरेखा तैयार करना।
- QR Code स्कैन कर वीडियो दिखाना।
- बताना–
  - 'श्रुतिसम' शब्द का अर्थ है– सुनने में समान।
  - 'भिन्नार्थक' शब्द का अर्थ है– भिन्न अर्थ वाले।
  - जो शब्द सुनने में समान प्रतीत होते हैं पर उनके अर्थ भिन्न होते हैं, वे श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द कहलाते हैं।
  - इनके उच्चारण में किसी एक ध्वनि का अंतर होता है, जो सुनने में एक जैसा लगता है। उदाहरण देखिए– अ**नि**ल – अ**न**ल।
- श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों की सूची पढ़वाना।
- 'हमने सीखा' के माध्यम से मूल बिंदुओं की पुनरावृत्ति।